श्री गुजराती समाज बी.एड. महाविद्यालय, इंदौर

दि. 29/01/2026

प्रतिवेदन

आज दि. 26/01/2026 को गणतंत्र दिवस पर श्री गुजराती समाज के नसिया रोड स्थित सभी संस्थाओं द्वारा सामूहिक रूप से सरदार पटेल मैदान पर गणतंत्र दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में श्री गुजराती समाज के अध्यक्ष श्री दीपक भाई आर. सोनी द्वारा झंडा फहराया गया तथा एन. सी. सी. कैडेट्स की परेड का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम में अपने भाषण में श्री दीपक भाई जे. सोनी ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी और अपने कार्य लगन से करने को प्रोत्साहित किया, जिससे समाज का नाम और ऊँचा हो। इस अवसर पर श्री गुजराती समाज के मानद महामंत्री श्री पंकज भाई संघवी तथा समाज के सभी पदाधिकारी एवं सभी संस्थाओं के प्राचार्य व स्टॉफ उपस्थित थे। श्री के. बी. पटेल गुजराती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आर. आर. एम. बी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, श्रीमती सी. एम. पी. गुजराती प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, जिसमें समूह नृत्य, समूह गीत, व योग प्रदर्शन किया। श्री गुजराती समाज बी. एड. महाविद्यालय के विद्यार्थी धीरज तिवारी ने देशभक्ति कविता का गायन किया। कार्यक्रम का संचालन पी. एम. बी. कला एवं विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील पगारे द्वारा किया गया। अंत में सभी को मिठाई वितरित की गयी।





कार्यक्रम प्रभारी

सहा.प्रा.अम्बर वारसी

प्राचार्य

डॉ.किरण दम्मानी